Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001
(Registration No-663/2003)
Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No 04 Date 11.02.2021

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— **बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि विगत कुछ वर्षों में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारीगण विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं, जिसके निराकरण हेतु विभिन्न अवसरों पर संघ के स्तर से पत्राचार करने के बाद भी उन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया रहा है। कुछ ज्वलंत समस्याएं जिसका निराकरण आवश्यक है, वह निम्न प्रकार हैः—

1. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली 1996 को संशोधित किए जाने के संबंध में।
2. पद की रिक्ति रहने के बावजूद प्रोन्नति बाधित रखने का सरकार का आदेश को वापस लेने के संबंध में।
3. बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों की नियुक्ति लेवल—11 से करने के संबंध में।
4. अपर अनुमंडल पदाधिकारियों का पद समाप्त करने के संबंध में।
5. Non SCS के पदाधिकारियों को IAS में नियुक्ति बन्द करने तथा सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या—4900, दिनांक—02.04.2012 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के संबंध में।
6. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन से उत्पन्न विसंगतियों के संबंध में।
7. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण से संबंधित नीतिगत निर्णयों के अनुपालन के संबंध में।
8. पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के संबंध में।

9. तीन कार्यपालक पदाधिकारी पटना नगर निगम के निलंबन को वापस लेने के संबंध में।

उक्त वर्णित समस्याओं के यथाशीघ्र निष्पादन हेतु निम्न पत्रों द्वारा विभिन्न अवसरों पर भवदीय का ध्यान आकृष्ट किया गया हैः–

क्र०सं०	ज्ञापांक / दिनांक	विषय
1.	01 / 06.01.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव का 92%, संयुक्त सचिव का 73% सहित कुल 44% से अधिक रिक्त प्रोन्नति के पदों पर पदाधिकारियों को नियमित प्रोन्नति देने के संबंध में।
2.	02 / 06.01.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए 5 जिला पदाधिकारी एवं राज्य सरकार के सरकारी उपक्रमों / बोर्ड / निगम इत्यादि के प्रबंध निदेशक एवं विभिन्न विभागीय निदेशालय के निदेशक का पद बिहार प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली में प्रावधान किए जाने के संबंध में।
3.	03 / 06.01.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन में विसंगतियों के संबंध में।
4.	04 / 06.01.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1996 (अधिसूचना संख्या–12 / नि.–1035 / 91का०–2310, दिनांक–14.03.1997) में संशोधन के संबंध में।
5.	05 / 06.01.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवाकालीन प्रशिक्षण से संबंधित निति एवं कार्यक्रम को पुनः प्रारंभ करने के संबंध में।
6.	09 / 15.01.2020	दिनांक–01.09.2005 के पूर्व उप–समाहर्त्ता के नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने के संबंध में।
7.	10 / 15.01.2020	Quashing of the General Administration Department, Bihar circular no.-4900 dated 02-04-2012 issued against the letter and spirit of IAS (Appointment by Selection Regulations, 1997, Discontinuation of Promotion of Non-SCS to IAS through appointment by Selection and to accelerate the procedure to fill up the large vacancy of IAS by Promotion of SCS/BAS officer under Rule 8(1) of IAS (Recruitment) Rules 1954.
8.	16 / 11.02.2020	To abolish the post of Additional Sub Divisional Officer and consequently amending the Bihar Administrative Service Cadre restructuring resolution no 7118 dated 30.05.2018 by enactment of Bihar Administration Service Rules.
9.	17 / 11.02.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि हेतु अन्य प्रगतिशील राज्यों की प्रीमियर सेवा के अनुरूप पे मैट्रिक्स लेवल–11 अनुमान्य किये जाने के संबंध में।
10.	95 / 12.10.2020	बिहार प्रशासनिक सेवा में निलंबित पदाधिकारियों को निलंबन मुक्त करने के संबंध में।
11.	71 / 10.06.2020	बिहार कारा सेवा के अनुरूप बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भी 1.1.1996 के प्रभाव से 6500–10500 का वेतनमान 8000–13500 स्वीकृत करने के संबंध में।

अतः अनुरोध है बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा उठाए गए विभिन्न समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इसके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

10/2/21

(अनिल कुमार)

विश्वासभाजन

(शशांक शेखर सिन्हा)